भारत सरकार
महिला एवं बाल विकास मंत्रालय
लोक सभा
अतारांकित प्रश्न संख्या 837
दिनांक 14 दिसंबर, 2018 को उत्तर के लिए

विमेन ऑफ इंडिया आर्गेनिक फेस्टीवल

837. श्रीमती सुप्रिया सदानंद सुलेः
डा॰ हिना विजयकुमार गावीतः
श्री राजीव सातवः
श्री मोहिते पाटिल विजयसिंह शंकररावः
श्री पी॰आर॰ सुंदरमः
श्री धनंजय महाडीकः
डा॰ जे॰ जयवर्धनः

क्या महिला और बाल विकास मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) क्या उनके मंत्रालय ने 'विमेन ऑफ इंडिया आर्गेनिक फेस्टीवल' का पांचवां संस्करण आयोजित किया है;
(ख) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है और इसके लक्ष्य और उद्देश्य क्या हैं;
(ग) इसमें कितने कार्यक्रम आयोजित किए गए और इस फेस्टीवल में कितनी महिलाओं ने भाग लिया;
(घ) गत चार वर्षों के दौरान ऐसे फेस्टीवल को आयोजन करने से क्या उपलब्धियां हासिल हुई हैं;
(ङ) गत तीन वर्षों और चालू वर्ष के दौरान ऐसे कार्यक्रम आयोजित करने में कितना व्यय हुआ है; और
(च) सरकार द्वारा भारत के सुदुरवर्ती स्थानों के महिला उद्यमियों के उत्पादों की बिक्री में वृद्धि करने के लिए अन्य क्या कदम उठाए गए हैं?

उत्तर

डा. वीरेंद्र कुमार महिला एवं बाल विकास मंत्रालय में राज्य मंत्री

(क) : जी, हां ।

(ख) से (घ) : इस मंत्रालय ने 26 अक्तूबर से 04 नवम्बर, 2018 तक इंदिरा गांधी राष्ट्रीय कला केंद्र (आईजीएनसीए), नई दिल्ली में भारतीय महिला महोत्सव - 2018 का आयोजन किया है। इस महोत्सव का विषय 'महिलाओं के ऑर्गेनिक उत्पाद' था । इसका उद्देश्य भारत, विशेषकर ग्रामीण क्षेत्रों की महिला कृषकों/उद्यमियों के उत्पादों को दिखाना, उनका समर्थन करना तथा उनको प्रोत्साहित करना था । इस कार्यक्रम में पूरे देश से 366 महिला प्रतिभागी अपने ऑर्गेनिक उत्पादों की व्यापक श्रृंखला के साथ इकट्ठा हुईं । इन उत्पादों में अनाज, चावल, दालें, मसाले, अचार, परिरक्षी, तेल, मधु, चाय, कॉफी, ऑर्गेनिक बीज, जैम, चटनी, खाद्य वन उत्पाद, खाने योग्य

स्नैक्स, ऑर्गेनिक आईसक्रीम, सौंदर्य प्रसाधन, त्वचा और सौंदर्य देखरेख उत्पाद, सुगंध चिकित्सा उत्पाद, रसोई कम्पोस्ट यंत्र, ऑर्गेनिक सूती वस्त्र, कपड़े, जल राहुरत्न, शिल्प, गाय के गोबर से निर्मित वायु शोधक, पटसन शिल्प, अगरबत्ती, लोबन, पका हुआ गर्म ऑर्गेनिक भोजन, शाकाहारी भोजन तथा अन्य जैव उत्पाद आदि शामिल थे ।

(ड.) : पिछले तीन वर्षों और मौजूदा वर्ष में इस कार्यक्रम के आयोजन पर खर्च राशि का ब्यौरा इस प्रकार है :

2015 - 99,67,000/-
2016 - 1,16,77,500/-
2017 - 1,32,96,330/-
2018 - 1,33,00,000/-

(च) : यह मंत्रालय वर्ष 2010 से हर वर्ष भारत में महिला प्रदर्शनियां/महोत्सव आयोजित कर रहा है । मंत्रालय भारत में महिला महोत्सव मुम्बई, सात्विक भोजन महोत्सव, अहमदाबाद तथा इस प्रकार के अन्य मंचों में महिलाओं को भाग लेने के लिए आमंत्रित करके महिला उद्यमियों को अवसर प्रदान करता रहा है ।

*****